प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 बुधवार दिनांक 18.09.2024

><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः–

1– केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए कई अहम निर्णय–कैबिनेट ने एक राष्ट्र–एक चुनाव के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को किया स्वीकार–प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान को भी दी गई स्वीकृति।

2– केन्द्रीय वित्त मंत्री ने आज 'एनपीएस वात्सल्य योजना' का शुभारंभ किया–रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए छात्र।

3– बलरामपुर जिले में सीएएफ के जवान ने अपने साथियों पर चलाई गोली –दो जवानों की हुई मौत–दो अन्य जवान घायल।

4– सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाओं में भाग लेने वाले नवमीं और ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों का पंजीकरण आज से शुरू।

..........................................................................

<u>केंद्रीय मंत्रिमंडल–फैसले</u>

केन्द्र सरकार ने देशभर में एक साथ चुनाव कराने के लिए एक राष्ट्र–एक चुनाव के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है। नई दिल्ली में आज संवाददाताओं से बातचीत में सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित समिति ने राजनीतिक दलों और विशेषज्ञों सहित हितधारकों के साथ व्यापक विचार–विमर्श किया। उन्होंने कहा कि इसे दो चरणों में लागू किया जाएगा। श्री वैष्णव ने कहा कि पहले चरण में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ

होंगे, जबकि पंचायत और नगर पालिकाओं जैसे स्थानीय निकाय चुनाव आम चुनाव के सौ दिनों के भीतर कराए जाएंगे।

श्री वैष्णव ने बताया कि सरकार ने उनयासी हजार एक सौ छप्पन करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान को भी स्वीकृति दी है। उन्होंने कहा कि यह योजना सक्षम बुनियादी ढांचे के विकास, आर्थिक सशक्तिकरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य तक पहुंच सुनिश्चित करके जनजातीय समुदायों की सामाजिक–आर्थिक स्थिति में सुधार करेगी। श्री वैष्णव ने कहा कि इसके अंतर्गत लगभग तिरसठ हजार गांवों को शामिल किया जाएगा और इससे पांच करोड़ से अधिक जनजातीय लोगों को लाभ होगा। यह अभियान तीस राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के पांच सौ उनचास जिलों और दो हजार सात सौ चालीस प्रखण्डों के सभी जनजातीय बहुल गांवों को कवर करेगा। इसके अलावा सरकार ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए चंद्रयान–फोर मिशन और वीनस ऑर्बिटर मिशन को मंजूरी दी है। श्री वैष्णव ने बताया कि सरकार ने चालू रबी सीजन के लिए फास्फेट और पोटाश उर्वरकों पर पोषण आधारित सब्सिडी को भी स्वीकृति दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण योजना को भी मंत्रिमंडल ने जारी रखने की मंजूरी दी है।

..............................................................................

एनपीएस वात्सल्य योजना

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज 'एनपीएस वात्सल्य योजना' का शुभारंभ किया। बिलासपुर के तारबाहर स्थित आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति द्वारा नाबार्ड के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में स्कूली बच्चे अपने पालकों के साथ शामिल हुए।

वहीं, दुर्ग जिले के सुरपा स्थित महंत पोसूदास शासकीय हाईस्कूल में भी वात्सल्य योजना के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने बड़ी संख्या में बच्चे और उनके पालक पहुंचे।

गौरतलब है कि एनपीएस वात्सल्य योजना माता–पिता को पेंशन खाते में निवेश करके अपने बच्चों के भविष्य के लिए बचत करने के साथ दीर्घकालिक धन सुनिश्चित करने की अनुमति देगा। योजना के अंतर्गत माता–पिता बच्चे के नाम पर सालाना एक हजार रुपये का निवेश कर सकते हैं। यह योजना पेंशन फंड विनियामक और विकास प्राधिकरण के तहत चलाई जाएगी।

..............................................................................

राज्यपाल–स्टार्टअप्स

राज्यपाल रमेन डेका ने आज राजभवन में दुर्ग के स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय के अंतर्गत गठित ग्रामीण प्रौद्योगिकी और उद्यमिता फाउंडेशन के तहत किये जा रहे स्टार्टअप्स का प्रस्तुतीकरण देखा। उन्होंने सभी स्टार्टअप्स की सराहना करते हुए इसे आम व्यक्ति के लिए सरल और सुलभ बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप्स के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार से जोड़ सके, ऐसी योजनाएं बनाई जाएं। इस संबंध में उन्होंने उद्यमियों का मार्गदर्शन किया और उपयोगी सुझाव भी दिए।

.............................................................................

केंद्रीय मंत्री–मुख्यमंत्री मुलाकात

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से कल रायपुर स्थित उनके निवास में केंद्रीय इस्पात और भारी उद्योग मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी ने मुलाकात की। श्री साय ने केंद्रीय मंत्री के साथ चर्चा के दौरान सेल और एनएमडीसी का प्रोडक्शन बढ़ाने, दोनों उपक्रमों तथा राज्य सरकार के बीच बेहतर समन्वय से कार्य करने पर विचार–विमर्श किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेल और एनएमडीसी को सीएसआर मद के कार्यों को और अधिक गति देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि नगरनार अंचल में स्थानीय युवाओं के कौशल उन्नयन के कार्य किए जाएं, ताकि युवाओं को रोजगार के अच्छे अवसर मिल सकें।

.............................................................................

सीबीएसई–पंजीकरण

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई की वर्ष दो हजार पच्चीस की बोर्ड परीक्षाओं में भाग लेने वाले नवमीं और ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों का पंजीकरण आज से शुरू हो गया है। सीबीएसई की अधिसूचना के अनुसार पंजीकरण की अंतिम तिथि सोलह अक्टूबर है। सीबीएसई से संबद्ध विद्यालय सीबीएसई डॉट जीओवी डॉट इन पर अपने छात्रों का पंजीकरण करवा सकते हैं। स्कूलों को छात्रों का विवरण दाखिल करने से पहले सीबीएसई पोर्टल पर खुद का भी पंजीकरण कराना होगा। स्कूलों से कहा गया है कि छात्र का नाम, उसके माता–पिता या अभिभावक का नाम, विषयों के नाम और अन्य सूचना को सही तरीके से दाखिल करें।

.............................................................................

बलरामपुर–जवान फायरिंग

बलरामपुर जिले में आज छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल–सीएएफ के एक जवान ने अपने साथियों पर गोली चला दी। इस घटना में दो जवानों की मौत हो गई है, जबकि, दो अन्य जवान गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। यह घटना सामरी थाना क्षेत्र के सीएएफ के भूताही कैम्प में हुई। घायल जवानों को सामरी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

जिले के पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सीएएफ के एक जवान ने अपनी सर्विस राइफल से अपने साथियों पर गोली चला दी, जिससे एक पुलिसकर्मी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान रूपेश पटेल और संदीप पांडे के रूप में हुई है। सूत्रों के मुताबिक कैंप में मौजूद अन्य जवानों ने हमलावर जवान अजय सिदार को पकड़ लिया है। जवान ने गोली क्यों चलाई, इसका पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

.............................................................................

झारखंड विस चुनाव–तैयारी

झारखंड में विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। इसी कड़ी में दो जिलों के प्रभारी के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली, जिसमें सभी को परिवर्तन यात्रा की तैयारी में जुट जाने को कहा। पच्चीस से अट्ठाईस सितंबर के बीच परिवर्तन यात्रा में झारखंड के लातेहार विधानसभा में सांसद मनोज तिवारी और रविकिशन शामिल होंगे।

.......................................................................

कबीरधाम–ग्रामीण मौत

कबीरधाम जिले के लोहारीडीह गांव में एक व्यक्ति की मौत के बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारी एक सौ चालीस ग्रामीणों को हिरासत में लिया था। इनमें से जेल में बंद एक व्यक्ति की आज सुबह तबीयत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल ले जाया जा रहा था, तभी रास्ते में उसकी मृत्यु हो गई। इसकी सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जेल पहुंचे और हंगामा करने लगे।

इस बीच, नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने प्रदेश में बदहाल कानून व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार पर आरोप लगाया है। डॉक्टर महंत ने आरोप लगाया कि युवक की मौत पुलिस प्रताड़ना और मारपीट से हुई है।

.......................................................................

हाथी विचरण

कोरबा जिले में कटघोरा वनमंडल के बड़काबहरा गांव के पास जंगल में अड़तालीस हाथियों का दल विचरण कर रहा है। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और हाथियों की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं। आसपास के गांवों में मुनादी कर लोगों को हाथियों के नजदीक नहीं जाने की सलाह दी जा रही है।

.......................................................................

दुर्ग–विशाखापट्नम वंदेभारत एक्सप्रेस

दुर्ग–विशाखापट्टनम वंदेभारत एक्सप्रेस का परिचालन बीस सितंबर से नियमित रूप से किया जाएगा। यह ट्रेन सप्ताह में छह दिन दोनों ओर से संचालित की जाएगी। यह ट्रेन दुर्ग और विशाखापट्टनम के बीच की दूरी आठ घंटे में तय करेगी, जिससे लगभग तीन घंटे समय की बचत होगी। इस ट्रेन का ठहराव रायपुर, महासमुंद, खरियार रोड, कांटाबांजी, टिटलागढ़, केसिंगा, रायगड़ा, पार्वतीपुरम और विजयनगरम रहेगा।

.......................................................................

राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक–छत्तीसगढ़

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के निर्माणाधीन कार्यों में गुणवत्ता की जांच करने के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक छत्तीसगढ़ आएंगे। वे कांकेर, कोंडागांव, कोरिया और सूरजपुर जिले का दौरा कर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन सड़कों का परीक्षण करेंगे। छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के अधिकारियों ने बताया कि संबंधित जिले के लोग राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक से उनके मोबाइल नंबर पर संपर्क कर शिकायत साझा कर सकते हैं।

.............................................................................

संक्षिप्त समाचार–01
और अब कुछ खबरें संक्षेप में–

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में बीस सितंबर को मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक होगी।

– मुख्यमंत्री के रायपुर स्थित निवास में कल उन्नीस सितंबर को सुबह ग्यारह से एक बजे तक जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

– खैरागढ़ नगर पालिका में आज अध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुआ। इसमें भाजपा की गिरजा चंद्राकर ने जीत हासिल की। इससे पहले, कांग्रेस के तीन पार्षद भाजपा में शामिल हुए।

– सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने' एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत अब तक लगभग सात हजार पौधे लगाये हैं। मंत्रालय ने शहरी और ग्रामीण इलाकों के अपने क्षेत्रीय कार्यालयों के सहयोग से वृक्षारोपण किया है।

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और कानूनविद बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है।

– मुख्यमंत्री ने गोंड राजा शंकर शाह और उनके पुत्र कुंवर रघुनाथ शाह की पुण्यतिथि पर भी उन्हें नमन किया है।

– प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने रायपुर दक्षिण विधानसभा में आगामी उपचुनाव के मद्देनजर नौ सदस्यीय चुनाव संचालन समिति का गठन किया है।

.............................................................................

संक्षिप्त समाचार–02

– रायगढ़ जिले में 'विकसित भारतः मोदी जी की संकल्पना' पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ वित्त मंत्री ओ.पी चौधरी ने किया। इस प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन के विभिन्न पहलुओं को प्रस्तुत किया गया है, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं।

और

–	राष्ट्रीय पोषण माह के तहत बलरामपुर जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रो में पोषण और स्वच्छता संबंधी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। साथ ही वजन त्यौहार मनाया जा रहा है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>